जोधपुर डिजिफेस्ट-जॉब फेयर 2022

चर्चा में क्यों?

8 नवंबर, 2022 को राजस्थान सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के प्रमुख शासन सचिव अखिल अरोरा ने बताया कि राज्य के सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग द्वारा युवाओं को रोज़गार के बृहद् अवसर प्रदान करने के लिये जोधपुर के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में 11 एवं 12 नवंबर को 'डिजिफेस्ट-जॉबफेयर-2022' का आयोजन किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- सचिव अखिल अरोरा ने बताया कि विभाग की ओर से तकनीकी नवाचारों के प्रदर्शन के लिये जयपुर के बाद जोधपुर में डिजिफेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। डिजिफेस्ट-जॉब फेयर 2022 में 20 हज़ार से अधिक युवाओं के लाभान्वित होने की उम्मीद है।
- डिजिफेस्ट के दौरान ही यहाँ रोज़गार मेले का भी आयोजन होगा, जिसमें 10वीं, 12वीं तथा स्नातक एवं स्नातकोत्तर आदि परीक्षा उत्तीर्ण उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के अनुसार रोज़गार दिलवाया जाएगा।
- ई एंड वाई, केपीएमजी, इंफोसिस, जी4एस, महिंद्रा फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस, रिलायंस जियो, वोडोफोन, अक्ष, एलएंडटी, स्पार्क मिंडा, बजाज मोटर्स, इंफोसिस बीपीओ, एस्सेलप्रॉपैक, डीबीकॉर्प, ताजहरि, औरयिनप्रो, आइडिया इन्फिनिटी, भवन साइबरटेक, जीनस, अदानी ग्रीन, सुजलॉन, एयू फाइनेंस, आईआईएफएल, जेनपैक्ट, क्लब महिंद्रा, क्वेस कॉर्प जैसी 200 से अधिक कंपनियाँ इस जॉब फेयर में युवाओं को रोज़गार देंगी।
- आई.टी. जॉब फेयर में सम्मिलित होने से पूर्व अभ्यर्थी **http://itjobfair-rajasthan-gov** की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं तथा आई.टी. जॉब फेयर स्थल पर भी पंजीकरण करवाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। युवा क्यूआर सुविधा का उपयोग कर अपना पंजीकरण स्वयं भी कर सकेंगे। जॉब फेयर में पंजीकरण करवाया जाना निःशुल्क है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/jodhpur-digifest-job-fair-2022